हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 30 मई 2025

तापमान
अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 31.3 डिग्री

11 हिसार के कण कण में अणुव्रत की गूंज : डॉ. कुसुम



12 कमिश्नर से मिला भवन निर्माण कामगार यूनियन प्रतिनिधिमंडल



# पावर हाउस से बिजली आपूर्ति बहाल

## लोगों को मिली राहत, बालसमंद सब ब्रांच नहर के टूटने से 220 केवी पॉवर हाउस में हुआ था जलभराव

### मरम्मत कार्य के बाद नहर में फिर से पानी छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

बालसमंद सब ब्रांच नहर के टूटने के कारण रायपुर रोड स्थित 220 केवी सब स्टेशन से ज्यादातर पानी निकालने के बाद गुरुवार की दोपहर को सब स्टेशन से बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई।

- पांच दिनों से आधा दर्जन से अधिक गांवों व हिसार शहर में था बिजली का गंभीर संकट

पावर हाउस से बिजली बहाल होने से उसे जुड़े गांवों तथा शहरी क्षेत्रों में काफी राहत पहुंची है। दोपहर बाद बिजली कटों में काफी कमी देखी गई। उधर, पावर हाउस परिसर के कुछ एरिया में अभी भी पानी है, जिससे पंप सेट द्वारा निकालने का कार्य लगातार जारी है। बता दें कि 24 मई की रात आए तेज अंधड़-बारिश से रायपुर पुल के पास बालसमंद सब ब्रांच नहर टूटने से पानी आसपास के खेतों व 220 केवी सब स्टेशन में भर गया था। इसके बाद से सब स्टेशन बंद था।

रायपुर के पास बने 220 केवी सब स्टेशन में भरे पानी की निकासी के लिए प्रशासन की तरफ से पंप सेट लगाए हुए थे और पानी लिफ्ट करके सातरोड खास जलघर में डाला जा रहा था। बालसमंद सब ब्रांच नहर के टूटने के बाद नहर की तलहटी में कंकरीट बेड बनाने का कार्य देर रात पूरा कर लिया गया और गुरुवार की दोपहर का फिर से नहर में पानी छोड़ दिया गया। बता दें कि सिंचाई विभाग की ओर से करीब 700 फीट लंबे एरिया में कंकरीट का बेड बनाया गया है। इसके सूखने के साथ ही नहर में दोबारा से पानी छोड़ दिया गया। बता दें कि इस नहर से ही शहर को पेयजल आपूर्ति की जाती है। मरम्मत कार्य के कारण अभी शहर को पानी नहीं मिल सका। इस कारण शहर के कुछ एरिया में पेयजल की भी दिक्कत आने लगी थी। देर शाम जलघर में पानी पहुंचना शुरू हो गया था। हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम के एसडीओ संदीप कुमार के अनुसार गुरुवार सुबह टेस्टिंग टीम पावर हाउस पहुंची थी। इस दौरान टीम ने गहनता से चेकिंग की और उसके बाद बारी-बारी से फीडर शुरू किए गए। दोपहर साढ़े 12 बजे 220 केवी सब स्टेशन से बिजली आपूर्ति पूरी लोड के साथ बहाल कर दी गई। इस सब स्टेशन से जुड़े सभी गांवों तथा शहरी क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था सुचारू चल रही है।

गांव मिर्जापुर, खोखा, नियाना, धांसू, शिकारपुर, रायपुर, रायपुर ढाणी, सेक्टर 27-28 इंडस्ट्रियल एरिया, रायपुर समेत यहां से जुड़े सभी फीडरों में सप्लाई बहाल कर दी गई है।



हिसार। नहर में छोड़ा गया पानी। फोटो : हरिभूमि

### खरड़ अलीपुर में बिजली संकट, दी चेतावनी

गांव खरड़ अलीपुर के ग्रामीणों ने गुरुवार को इकट्ठा होकर बिजली संकट पर नाराजगी जताई। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से गांव में बिजली नहीं है। तेज गर्मी में हालात बिगड़ते जा रहे हैं। बच्चों और बुजुर्गों के बीमार होने का खतरा बढ़ गया है। पीने के पानी की सप्लाई भी पूरी तरह बंद है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि अगर गुरुवार शाम तक बिजली सप्लाई बहाल नहीं हुई तो वे बिजली निगम के एमडी ऑफिस का घेराव करेंगे। जिला पार्षद प्रतिनिधि और भारतीय किसान यूनियन के जिला प्रधान कुलदीप खरड़ ने बताया कि गांव की समस्या को लेकर कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। ग्रामीण अब आंदोलन के मूड में हैं।

## विधायक सावित्री जिंदल ने किया नहर और पावर हाउस का दौरा



हिसार। मुआयना करती विधायक सावित्री जिंदल व अन्य। फोटो : हरिभूमि

- अधिकारियों को दिए तत्काल राहत पहुंचाने के निर्देश

हिसार। रायपुर नहर के टूटने के कारण हुए जलभराव और शहर में व्याप्त बिजली व पेयजल संकट को लेकर पूर्व मंत्री और विधायक सावित्री जिंदल ने गुरुवार को प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने स्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों को तत्काल राहत पहुंचाने के निर्देश दिए।

सबसे पहले विधायक जिंदल रायपुर नहर पहुंचीं, जहां नहर टूटने से भारी मात्रा में पानी भर गया था, जिससे आसपास के इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई थी। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि शहर में पानी की भीषण कमी है और लोग त्राहि-त्राहि कर रहे हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नहर के मरम्मत कार्य में तेज़ी करने का निर्देश दिया कि भविष्य में ऐसी घटना दोबारा न हो।

विधायक सावित्री जिंदल पावर हाउस का भी दौरा किया, जो टूटी हुई नहर के पानी से भर गया था। जलभराव के कारण पावरहाउस से बिजली आपूर्ति बुरी तरह बाधित हो गई थी जिससे हिसार के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस संबंध में एसई पुष्पेंद्र ने बताया कि अब स्थिति नियंत्रण में है और बिजली आपूर्ति आज सुबह ही सामान्य कर दी गई है। उन्होंने विधायक को आश्वस्त किया कि भविष्य में ऐसी किसी भी आपदा से निपटने के लिए उचित कदम उठाए जाएंगे।

### राजली हेड से छोड़ा पानी

सिंचाई विभाग के एसडीओ सत्यवीर कुहाड़ के अनुसार बालसमंद ब्रांच नहर की मरम्मत का काम बुधवार देर रात पूरा हो गया था। कुछ समय कंकरीट की पकड़ के लिए चाहिए होता है। हमने दोपहर 12 बजे राजली हेड से पानी छोड़ दिया है। जलघरों में पानी की आपूर्ति दे दी गई है। सभी जलघरों को सामान्य दिनों की तरह से भरा जाएगा।

## खबर संक्षेप

### हत्या मामले में दो साल से फरार आरोपी काबू



हांसी। सीआईए स्टाफ पुलिस ने प्रदीप लोहार उर्फ काला बडाला की हत्या करने वाले के मुख्य आरोपियों को अपनी गाड़ी देने वाले तथा दो साल से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान हिसार के आजाद नगर निवासी महेन्द्र के रूप में हुई है। पकड़े गए आरोपी ने वर्ष 2023 में हुई प्रदीप बडाला की हत्या करने वाले मुख्य आरोपियों को अपनी गाड़ी दी थी। सीआईए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया और न्यायालय के आदेशानुसार जमानत पर रिहा कर दिया गया।

### ट्रेडिंग के नाम पर लाखों की ठगी, आरोपी काबू



हांसी। थाना साइबर क्राइम पुलिस ने व्हाट्सएप ग्रुप पर ट्रेडिंग करने के नाम पर 3 लाख 60 हजार रुपये की धोखाधड़ी मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान बरवाला निवासी गुलाब के रूप में हुई है। आरोपी ने जुलाई व अगस्त 2024 में हनुमान कॉलोनी निवासी सुरेश कुमार को एक व्हाट्सएप ग्रुप ज्वाइन करवाया और फिर उस ग्रुप में लिंक भेजकर, भेजे गए लिंक पर डिमैट अकाउंट खुलवा कर, शेयर मार्केट में रुपयों को डबल करने का लालच देकर कुल 3 लाख 60 हजार की धोखाधड़ी की थी। हांसी पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

### सबमर्सिबल ट्यूबवेल की केबल काटी

हिसार। खरकड़ी गांव के खेतों में लगे सबमर्सिबल ट्यूबवेल की अज्ञात चोर ने केबल काट कर चोरी कर ली। सुबह जब किसान खेतों में पहुंचे तो उन्हें केबल कटने का पता चला। रोहताश बूरा ने बताया कि बालसमंद ब्रांच एल में लगी 100 फुट केबल चोरी हुई। उमेश की दोनों ट्यूबवेल से 150 फुट, उपेंद्र की 200 फुट, राजा पुत्र भालू की 100 फुट, फकीर शर्मा की 100 फुट, प्रभु शर्मा की 150 फुट और पाले राम घिराय की 200 फुट केबल चोर काट ले गए।

## डोभी में मंगलमुखी समाज को खुशी के मौके पर मिलेंगे 500 रुपये



हिसार। ग्राम सभा की बैठक में उपस्थित सरपंच व अन्य ग्रामीण।

- सरपंच की अध्यक्षता में हुई ग्राम सभा की बैठक में लिया निर्णय

हिसार। जिले के डोभी गांव की पंचायत ने ग्रामीणों की पंचायत बुलाकर अनेक फैसले किए हैं। पंचायत का दावा है कि ऐसा ग्रामीणों के हितों को देखते हुए किया गया है। सरपंच आजाद सिंह हिन्दुस्तानी की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई ग्राम सभा की बैठक में किन्नरों को शादी-विवाह और बच्चे के जन्म जैसे खुशी के अवसरों पर दी जाने वाली राशि को सीमित कर दिया गया। है। बैठक में ग्रामीणों ने किन्नरों द्वारा मांगी जा रही राशि पर रोक लगाने की मांग की।

सभी ग्रामीणों की सहमति से तय किया गया कि अब किन्नरों को शादी-विवाह और पुत्र जन्म पर केवल 500 रुपये सम्मान राशि दी जाएगी। ग्रामीणों ने पंचायत के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने इस नियम को अपनाने और समाज में प्रचारित करने की सहमति दी है। सरपंच ने बताया कि इस फैसले की एक प्रति मंगलमुखी समाज को भी भेजी जाएगी। यह कदम भविष्य में ग्रामीणों और मंगलमुखी समाज के बीच किसी विवाद को टालने के लिए उठाया गया है।

## नहर में पूजा सामग्री बहाने गए किशोर की डूबने से मौत

- उमरा रोड स्थित पुल के समीप उसका शव बरामद हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

घर में रखी पूजा सामग्री को नहर में बहाने गए रामसिंह कॉलोनी निवासी 15 वर्षीय एक किशोर संदीप की नहर में डूबने से मौत हो गई। परिजनों को किशोर की नहर की पटरी पर चप्पल मिली थी। किशोर के नहर में डूबने की सूचना मिलने पर डीएसपी सिद्धार्थ बिश्नोई, शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सदानंद वत्स पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और गोताखोरों को मौके पर बुलाया।

गोताखोरों व परिजनों द्वारा संदीप को नहर में तलाश करने के लिए सर्च अभियान चलाया तो उमरा रोड स्थित पुल के समीप उसका शव बरामद हुआ। नहर में शव मिलने के बाद पुलिस ने उसे कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया जहां पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया। संदीप बुधवार शाम को करीब 6 बजे अपने घर से पेटवाड़ डिस्ट्रीब्यूटरी नहर में घर में रखी पूजा की सामग्री को बहाने के लिए निकला था लेकिन देर रात तक वह घर नहीं लौटा। उन्होंने आस-पास के क्षेत्रों में तलाश किया लेकिन उसका कहीं कोई अता-पता नहीं चला। उसके बाद गुरुवार सुबह परिजनों को उसकी चप्पल नहर के किनारे पड़ी हुई मिली तो मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस और गोताखोरों की टीम ने नहर में संदीप की तलाश शुरू की तो उमरा रोड़ स्थित पुल से थोड़ा आगे उसका शव बरामद हुआ। संदीप के पिता रमेश ने बताया कि उसका छोटा बेटा संदीप बुधवार शाम पूजा सामग्री को नहर में बहाने के लिए गया था। ऐसा प्रतीत होता है कि उसका पांव फिसलने से वह नहर में गिर गया।



हांसी। पेटवाड़ डिस्ट्रीब्यूटरी में संदीप को तलाश करते परिजन व पुलिस।

### अदालत ने दो अलग-अलग मामलों में सुनाई सजा

## नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल कैद

- पड़ोस में रहने वाले युवक ने दिया था वारदात को अंजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

नाबालिगा को बहला-फुसलाकर ले जाने, बंधक बनाने व दुष्कर्म करने के दोषी को अदालत ने 20 साल की कैद सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 1 लाख 11 लाख रुपये जुर्माना भी लगाया है। बता दें कि हांसी पुलिस ने इस संबंध में 29 मई 2021 को 6 पॉक्सो एक्ट एवं विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था।

अदालत में चले अभियोग के अनुसार जिले के एक गांव के व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत देकर बताया था कि घटना से दो महीने पहले साढ़े 17 साल की भान्जी मेरे पास रहने के लिए आई थी। वह दिमाग से थोड़ी भोली है।



उन्होंने बताया कि 26 मई को भान्जी घर पर गुमसुम बैठी थी। बातचीत की तो उसने बताया कि मैं 22 मई की रात को 12 बजे लघु शंका करने के लिए घर से बाहर गई थी। इस दौरान पड़ोस में रहने वाला युवक आया और मुझे बहला-फुसलाकर अपने घर ले गया। उसके घर में कोई नहीं था।

उसने बताया कि युवक ने मेरे साथ दुष्कर्म किया और सुबह घर के पास छोड़कर मौके से फरार हो गया। हांसी पुलिस ने इस संबंध में नामजद के खिलाफ केस दर्ज किया था।

### हत्या के 7 दोषियों को 8 साल कैद

हिसार। अदालत ने असरावां गांव में घर में घुसकर व्यक्ति की गैर इरादतन हत्या करने के मामले में दोषी अनमोल, सोनू, पवन, वजीर, राहुल, सुंदर और विष्णु को 8-8 साल की कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषियों पर 21-21 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। बता दें कि अग्रोहा थाना पुलिस ने इस संबंध में 11 जुलाई 2020 को केस दर्ज किया था। अदालत में चले अभियोग के अनुसार असरावां के धीराराम ने बयान देकर बताया था कि वह जलघर में काम करता है। मैं 11 जुलाई को मोठसरा गांव के सरपंच के घर गया हुआ था। उस दौरान बाइक पर असरावां निवासी अनमोल, प्रवीन, पवन आए और मेरे साथ गाली गलौज करने लगे। मैंने विरोध किया तो उन्होंने मारपीट की। वे बाद में वहां से फरार हो गए। उसके बाद दोपहर बाद मैंने घर आने पर भाई करतार, सुरेश और फिरोजीराम को मामला बताया। बाद में साढ़े पांच बजे बाइक पर सवार होकर अनमोल, विष्णु, वजीर, पवन, सुरेंद्र, राहुल और अन्य घर पर आए। वे आते ही हमें घसीटकर घर से बाहर ले गए और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमलावरों ने मेरे भाई सुरेश, करतार और फिरोजीराम पर भी लोहे की रॉड से हमला किया। हमलावरों ने बीच-बचाव करने आई परिवार की महिलाओं के साथ भी मारपीट की। बाद में परिवार के बाकी सदस्य आए तो हमलावर मौके से फरार हो गए। चचेरा भाई प्रदीप मौके पर पहुंचा और घायलों को उपचार के लिए अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में लेकर आया। वहां देर रात उपचार के दौरान फिरोजीराम की मौत हो गई। शिकायतकर्ता के अनुसार हमला करने वाले गांव के चौक में बैठकर शराब पीते थे। हमने उनको चौक में बैठकर शराब पीने से रोका था। इसी बात की रंजिश के चलते उन्होंने घर में घुसकर वारदात को अंजाम दिया।







एक समय तक पर्यावरण बहुत शुद्ध हुआ करता था। चारों ओर प्रकृति के हरे-भरे मनोरम दृश्य दिखते थे। हमें प्रदूषणरहित वातावरण में सांस के लिए शुद्ध वायु मिलती थी। आज सब उलट गया है, प्रदूषण के कारण प्रकृति ने अपनी रमणीयता खो दी है। सांस लेने के लिए शुद्ध वायु नहीं है, न ही नदियों में पीने के लिए शुद्ध जल। ऐसी खतरनाक स्थिति कैसे बनी? पर्यावरण को हम कैसे संरक्षित करें? पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण से जुड़ी बहुत ही जरूरी बातें।

# हमारा पर्यावरण
## क्या था, क्या हो गया
# कैसे हो संरक्षित



जागरुकता
देवेंद्र मेवाड़ी

बच्चो, हम सभी पर्यावरण की गोद में पल रहे हैं। तुम जानते हो, क्या है पर्यावरण? पर्यावरण का अर्थ है हमारे आस-पास, हमारे चारों ओर का परिवेश। हमारे चारों ओर मौजूद सभी जैविक-अजैविक, सजीव-निर्जीव तत्वों से मिलकर बनता है हमारा पर्यावरण। पेड़, पहाड़, धरती, हवा, नदी, ताल-तलैया, मिट्टी में मौजूद सूक्ष्म जीवों से लेकर कीट-पतंगे और जीव-जंतु... और भी बहुत कुछ हमारे पर्यावरण के अंतर्गत आते हैं। पर्यावरण हमारे जीवन का आधार है, इसलिए इसकी देखभाल, इसका संरक्षण करना जरूरी है, हमारा दायित्व है।

**पहले कुछ ऐसा था हमारा पर्यावरण:** लाखों वर्ष पहले हम मनुष्यों का अस्तित्व इस पृथ्वी पर प्रारंभ हुआ। उस वक्त हमारा पर्यावरण आज के पर्यावरण से एकदम अलग था। तब हमारे चारों ओर थे हरे-भरे वन, ऊंची पर्वत मालाएं, गहरी घाटियां, साफ-सुथरी हवा, कल-कल करती नदियां, झरने और दूर-दूर तक फैले चौरस मैदान। ऊपर नीला आकाश था और नीचे धरती पर सागर और सागर तटों से टकराती लहरें। सागरों में भी विविधताओं से भरी जीव-जंतुओं की दुनिया। ऋतुएं आती और जाती थीं- कभी वसंत और कभी ग्रीष्म, पावस, हेमंत, शरद और शीत ऋतु। इसी ऋतु चक्र में पक्षी चहचहाते, फूलों पर तितलियां मंडरातीं, आसमान में बादल उमड़ते और झमाझम बारिशें बरसतीं। सब कुछ प्राकृतिक, सुंदर, मनोरम।

**जरा याद करके बताओ:** अच्छा बच्चो, जरा याद करो कि पिछली बार कब सुनी थी तुमने किसी नदी की कल-कल, झरनों की झर-झर और हरे-भरे पेड़ों से आती हवा की सांय-सांय की आवाज? कब देखी थी तुमने फूलों पर मंडराती मनमोहक तितली, कब सुनी थी फूलों पर मंडराते भौंरों की गुनगुन, कब चहकी थी तुम्हारी मुंडेर पर गौरैया और कब पास की अमराई में कूकी थी कोयल? नहीं याद आ रहा न! अगर तुम शहर में रहते हो, तो तुम्हारे लिए इन प्रश्नों का उत्तर देना कठिन होगा।



**ऐसे बदला परिदृश्य:** बच्चो, अठारहवीं सदी में एक दिन कोयलों की आग से धधकता, धुआं उगलता, धड़धड़ाता भाप का इंजन आ धमका। उसके साथ ही दुनिया में औद्योगिक युग की शुरुआत हो गई। कोयला बनाने के लिए पेड़ कटने लगे। हरे-भरे वनों का सफाया शुरू हो गया। हरियाली सिमटने लगी, जीव-जंतुओं के घर उजड़ने लगे। धीरे-धीरे गांव और कस्बे शहरों में बदलने लगे। यहां पर सीमेंट-कंक्रीट की ऊंची-ऊंची इमारतें दिखाई देने लगीं। कल-कारखाने हवा में जहरीला धुआं उगलने लगे और नदियों में जहरीला कचरा पहुंचने लगा। जहरीले कीटनाशकों के अंधाधुंध प्रयोग से हमारी नदियां और खेतों की माटी बुरी तरह प्रदूषित होने लगी। हम मनुष्यों ने विरासत में मिली अपनी प्यारी दुनिया बदल दी। इस नई दुनिया में खुद हम मनुष्यों का जीवन भी संकट में पड़ने लगा।

**हम समझें अपनी जिम्मेदारी:** सच कहा जाए तो विकास की दौड़ में हमने प्रकृति संरचना को बुरी तरह बिगाड़ दिया है। अब स्वयं हमारे लिए और हमारे लाखों साथी जीवों के लिए पृथ्वी पर जीना



दिनों-दिन मुश्किल होता जा रहा है। अगर अब भी हम पेड़ों से प्यार नहीं करेंगे, जंगलों की हरियाली नहीं बढ़ाएंगे, हवा में जहरीला धुआं और नदियों-तालाबों और सागरों के पानी में विषैले रसायनों का जहर घोलना बंद नहीं करेंगे तो लाखों जीव नष्ट हो जाएंगे। यही हाल रहा तो आने वाले समय में यह पृथ्वी रहने लायक नहीं रहेगी। इसलिए आओ बच्चो, हम साथ मिलकर पर्यावरण को बचाएं। *

### कोविड हमें लाया प्रकृति के करीब

बच्चो, आज से कुछ साल पहले जब दुनिया कोरोना महामारी से जूझ रही थी, लॉकडाउन चल रहा था, तब हमारे पर्यावरण में कुछ सकारात्मक और हैरान कर देने वाले बदलाव देखने को मिले। गैस चैंबर बने शहरों की हवा में केवल डेढ़-दो माह के भीतर गर्दो-गुबार इतना कम हो गया कि आसमान नीला दिखाई देने लगा! रातों को आसमान में झिलमिलाते तारे नजर आने लगे। हवा में प्राणवायु ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ गई। नदियों के काले, कलुषित पानी में मछलियां दिखाई देने लगीं। स्कूटर, कार, बसें, मेट्रो, रेलगाड़िया और हवाई जहाज न चलने के कारण शहर में कर्कश कोलाहल नहीं रहा, जिसके कारण चारों ओर शांति छा गई। चिड़ियां हमारे घरों के करीब चली आईं। हमें भोर में चिड़ियों की मधुर चहचहाहट सुनाई देने लगी। कहीं मोर नाचने लगे तो कहीं सड़कों पर नीलगाएं घूमने लगीं। जो कल तक अकल्पनीय था, वह संभव हो गया। प्रकृति ने हमें साफ संदेश दे दिया कि अगर हम प्रकृति को प्रदूषित न करें, हमारे कल-कारखाने हवा और नदियों में जहरीले रसायन न उगलें और हम हरियाली को पनपने दें तो हमारा पर्यावरण साफ स्वच्छ रहेगा, गांवों ही नहीं, शहरों की सुबहें भी पंछियों के कलरव से भर जाएंगी।

स्पेशल: वर्ल्ड साइकिल-डे, 3 जून

# बड़े काम की है ईको-फ्रेंडली व्हीकल साइकिल

जानकारी
कुमार गौरव अजीतेंदु

बच्चो, आज से कुछ साल पहले साइकिल यातायात के प्रमुख साधनों में से एक हुआ करती थी। लेकिन आजकल लोगों में साइकिल के प्रति क्रेज कम हो गया है। साइकिलिंग के प्रति लोगों में जागरूकता और लगाव बढ़ाने के उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र (यूनाइटेड नेशंस) ने विश्व साइकिल दिवस यानी 'वर्ल्ड साइकिल-डे' मनाने का निर्णय लिया। पहला आधिकारिक विश्व साइकिल दिवस 3 जून, 2018 को मनाया गया था।



**कैसे आई दुनिया में साइकिल:** साइकिल के प्रयोग का मूर्तरूप सर्वप्रथम सन 1817 में पेरिस के एक कारीगर कार्ल वॉन ड्रैस ने दिया। उसने जो वाहन बनाया, उसे हॉबी हॉर्स यानी काठ का घोड़ा कहा जाता था। यह वाहन साइकिल जैसा ही था, लेकिन इसमें पैडल नहीं थे, इसे पैरों से धक्का देकर आगे बढ़ाना होता था।

**पैडल वाले साइकिल का आविष्कार:** पैर से घुमाए जाने वाले पैडलयुक्त पहिए का आविष्कार सन 1865 ई. में पेरिस (फ्रांस) निवासी लालेमेंट ने किया। इस यंत्र को वेलॉसिपीड कहते थे। इंग्लैंड, फ्रांस और अमेरिका के यंत्र निर्माताओं ने इसमें अनेक महत्वपूर्ण सुधार कर सन 1872 में इसे एक सुंदर और हल्का रूप दे दिया। इसमें पैडल के अतिरिक्त वेयरिंग और ब्रेक भी लगाए गए थे। इससे इसे चलाना आसान हो गया। *

**भारत में साइकिल**

दुनिया में जब जगह-जगह साइकिल प्रचलन में आ गई तो भारत में भी इसे खूब उपयोग किया जाने लगा। आजादी से पहले और आजादी के कुछ सालों बाद भी जब गांवों में अधिकतर सड़कें कच्ची थीं, उस समय साइकिल को आवागमन के लिए बहुत ही उपयोगी वाहन के रूप में लोग उपयोग करने लगे। दूधवाले, किसान, पोस्टमैन और आम जनता साइकिल का उपयोग धड़ल्ले से करती थी। आजादी की लड़ाई के दौरान भी हमारे क्रांतिकारियों ने साइकिल का उपयोग किया।



**साइकिल से जुड़ी कुछ रोचक बातें**

- Bicycle शब्द फ्रेंच भाषा के bicyclette वर्ड से निकला है।
- नीदरलैंड को 'साइकिलों का देश' कहा जाता है। बताया जाता है, वहां के प्रधानमंत्री भी साइकिल से अपने ऑफिस जाते हैं।
- डेनमार्क के कोपेनहेगन को 'सिटी ऑफ साइकिलिस्ट' भी कहा जाता है। यहां की तकरीबन 52 प्रतिशत आबादी साइकिल चलाती है।
- बोनशेकर साइकिल का वजन अस्सी किलोग्राम था।
- रोजाना 30 मिनट साइकिल चलाने वाले व्यक्ति का दिमाग साधारण व्यक्ति के मुकाबले ज्यादा एक्टिव रहता है, इतना ही नहीं ब्रेन पॉवर भी 15 से 20 फीसदी ज्यादा होती है।

कविता / अखिलेश श्रीवास्तव 'चमन'

## जीवन की नींव

जैसे हम जगते, सोते हैं
पेड़ भी जगते, सोते हैं।
जैसे हम हंसते, रोते हैं
पेड़ भी हंसते, रोते हैं।
पेड़ भी खाते हैं, पीते हैं
पेड़ भी सांस लिया करते।
कार्बनडाईऑक्साइड ले
ऑक्सीजन हमें दिया करते।
पहले सभी समझते थे कि
प्राण हीन होते हैं वन।
जे.सी. बोस ने यह बतलाया



पौधों में भी है जीवन।
चाहे पेड़ और पौधा हो
चाहे हो कोई भी जीव।
छोटी सृजक कोशिका होती है
सब के जीवन की नींव।

### एंवॉयर्नमेंट नॉलेज



Q : भारतीय वन सर्वेक्षण का मुख्यालय कहां स्थित है?
A : देहरादून में।
Q : राष्ट्रीय वन नीति के अनुसार कितने प्रतिशत भू-भाग पर वन होना अनिवार्य है?
A : 33 प्रतिशत।
Q : चिपको आंदोलन के पीछे मुख्य उद्देश्य क्या था?
A : वनों की सुरक्षा।
Q : देश का पारिस्थितिकी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र कहां स्थित है?
A : बैंग्लुरु (कर्नाटक)।
Q: ग्रीन हाउस प्रभाव क्या है?



A : ग्रीन हाउस प्रभाव में सूर्य की किरणें पृथ्वी पर आ तो जाती हैं, लेकिन कार्बन डाइऑक्साइड गैस के घेरे के कारण वापस नहीं जा पाती हैं।
Q : भारत का पर्यावरण शिक्षा केंद्र कहां स्थित है?
A : अहमदाबाद (गुजरात)।
Q : इंदिरा गांधी वानिकी अकादमी कहां स्थित है?
A : देहरादून (उत्तराखंड)।
Q : विश्व वानिकी दिवस कब मनाया जाता है?
A : 21 मार्च।
Q : भारतीय वन प्रबंधन संस्थान कहां है?
A : भोपाल में।
Q : भारत में सबसे अधिक वन किस प्रदेश में हैं?
A : मध्य प्रदेश।
Q : पौधे अपनी खाद्य निर्माण प्रक्रिया में कार्बन डाइऑक्साइड गैस वायुमंडल से लेते हैं और बदले में जीवधारियों को सांस लेने के लिए क्या मुक्त करते हैं?
A : ऑक्सीजन।
Q : कार्बन डाइऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड, कार्बन मोनो ऑक्साइड गैसों द्वारा कौन-सा प्रदूषण होता है?
A : वायु प्रदूषण।
Q : बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड परीक्षा किस प्रदूषण को मापने के लिए की जाती है?
A : जल प्रदूषण।
Q : परॉक्सीएसेटिल नाइट्रेट क्या है?
A : वायु प्रदूषक।
Q : राष्ट्रीय पर्यावरण अनुसंधान केंद्र कहां पर स्थित है?
A : नागपुर (महाराष्ट्र)।
Q : वायुमंडल में ओजोन परत हमारी रक्षा किन किरणों से करती है?
A : पराबैंगनी किरणों से।
Q : वायुमंडल में कौन-सी गैस सर्वाधिक पाई जाती है?
A : नाइट्रोजन।

प्रस्तुति: दीपक कोहली

निर्मला आंटी को यह बिल्कुल नहीं पसंद था, उनके घर के सामने खुले मैदान में बच्चे क्रिकेट-फुटबॉल खेलें और गेंद-फुटबॉल उनके लॉन में रखे गमलों पर गिरे, पौधे बर्बाद हों। लेकिन एक बार जब उन्हें जरूरी काम से शहर के बाहर जाना पड़ा, लौटकर जब वह आईं, अपने लॉन के पेड़-पौधों को उन्होंने जिस हालत मे देखा, वह आश्चर्यचकित रह गईं।

# ओह! यह तो वही लड़का है

कहानी
सिराज अहमद



निर्मला आंटी थोड़ी सख्त मिजाज की थीं। पिछले साल ही वह इस कॉलोनी में शिफ्ट हुई थीं। उनके घर के सामने एक खुला मैदान था, जहां शाम में बच्चे इकट्ठे होकर खेलते रहते। कभी क्रिकेट तो कभी फुटबॉल। कभी-कभी ऐसा होता कि क्रिकेट खेलते वक्त गेंद निर्मला आंटी के घर में चली जाती। कोई बच्चा जब गेंद मांगने जाता तो वह मुंह लटकाए खाली हाथ ही वापस आता।

निर्मला आंटी गेंद कभी वापस नहीं करतीं। वह बच्चों पर खूब बरसतीं। बच्चे उनसे गेंद देने की सिर्फ रिक्वेस्ट करते, कुछ न कह पाते और खेल बंद हो जाता। बच्चे कितनी बार नई गेंद खरीद कर लाएं? हर बार उनके लिए पैसों का बंदोबस्त कर पाना मुश्किल होता।

निर्मला आंटी के घर के अंदर लॉन में ढेर सारे गमलों में तरह-तरह के खूबसूरत पेड़-पौधे लगे थे। उन्हें इस बात का डर था कि कहीं गेंद उनके लगाए गए पौधों को बर्बाद न डाले। निर्मला आंटी को पेड़-पौधों से बेइंतहा मोहब्बत थी। मोहल्ले में उन्होंने पेड़ लगाने की जोरदार मुहिम चलाई थी कि घर-घर पेड़ होने चाहिए। कम ही समय में उनकी मेहनत रंग लाई और कॉलोनी में हरियाली दिखने लगी थी। एक रोज की बात है। उन्हें खबर मिली कि उनकी मम्मी की तबीयत ज्यादा खराब है। उन्हें आनन-फानन में दूसरे शहर जाना पड़ा।

अब क्या था? उनके जाने से बच्चों को फायदा हुआ। गेंद जब भी उनके घर में जाती तो वे छोटी-छोटी बाउंड्री फांदकर फौरन गेंद वापस ले आते। कोई चिकचिक नहीं। कोई डांट-फटकार नहीं। कोई देखने-पूछने वाला नहीं। देखते-देखते निर्मला आंटी को गए दो महीने हो गए थे। इधर बच्चे मस्ती में क्रिकेट का लुत्फ उठा रहे थे। वो भी बिना किसी रोक-टोक के।

एक रोज भी ऐसा ही हुआ। खेलते-खेलते गेंद घर के अंदर चली गई। चहकता हुआ सौरभ दौड़ा और बाउंड्री फांदकर फौरन घर के अंदर कूदा। वह गेंद ढूंढ़ ही रहा था, इतने में ही निर्मला आंटी की गाड़ी गेट के पास आकर रुकी। बाहर खेल रहे बच्चे भागकर अपने-अपने घरों में जा छुपे। बेचारा सौरभ फंस गया था। गेट पर उनकी आवाज सुनकर उसे मालूम पड़ गया कि निर्मला आंटी आ गई हैं। वह चुपचाप एक जगह खड़ा हो गया। निर्मला आंटी ने जैसे ही गेट खोला, सौरभ को सामने खड़ा पाया। उसके हाथों में गेंद थी।

फिर तो पूछिए नहीं। निर्मला आंटी ने उसे खूब खरी-खोटी सुनाई। उस पर खूब चिल्लाईं। चोर भी बोला, जबकि वह बार-बार यह कहता रहा कि वह सिर्फ गेंद लेने ही आया था। उन्होंने उसे धमकी दी कि वह उसके घर आकर उसके पापा से शिकायत जरूर करेंगी। उदास सौरभ वहां से घर की ओर चल पड़ा। उसने यह तय किया कि अब वह कभी यहां खेलने नहीं आएगा।

शाम हो चुकी थी। निर्मला आंटी बाहर ही कुर्सी डाल कर बैठ गईं। तभी उनकी नजर लॉन में रखे सभी गमलों पर गई तो वह हैरान रह गईं और सोचने लगी, 'गमलों में पानी किसने डाला? वह तो महीनों से बाहर थीं।'

वह फटाफट अंदर गईं। घर में लगे सीसीटीवी कैमरे की रिकॉर्डिंग खंगालने लगीं। तभी अचानक उनकी नजरें एक वीडियो पर जम गईं, जो कि उनके जाने के दो दिन बाद की थी।

एक बच्चा गेंद उठाने बाउंड्री से अंदर आता है। गेंद उठा कर वह थोड़ा ठहर जाता है, वहां रखे गमले को देखता है। फिर वहीं पर रखे जग में पानी की टोटी से पानी भरता है, सारे गमलों में अच्छी तरह से पानी डालता है। पेड़ों को फुहार मार कर नहलाता है। फिर हंसता हुआ गेंद लेकर बाहर निकल जाता है।

निर्मला आंटी ने और भी कई वीडियो देखे, जिसमें वह लड़का अंदर आता है और सिर्फ पौधों में पानी डाल कर वापस चला जाता है। वह सिर्फ यही करने अंदर आता है।

निर्मला आंटी द्वारा लगाए गए सभी पौधे हरे-भरे थे। कुछ में फूल भी खिले थे। यह तो तय था कि अगर उनमें पानी न दिया जाता तो वे सूख जाते, मुरझा जाते।

निर्मला आंटी ने कैमरे को जूम करके बच्चे को पहचानने की कोशिश की तो और भी हैरान रह गईं, 'ओह, यह तो वही लड़का है, जिसे मैंने बुरी तरह डांटा है-सौरभ।' आज जाने से पहले उन्होंने उसका नाम पूछ लिया था।

सौरभ का उदास और डरा हुआ चेहरा निर्मला आंटी के मन में आया। उन्होंने मन ही मन निर्णय ले लिया था, वह सौरभ के घर जाकर उसके मम्मी-पापा से उसकी तारीफ करेंगी, उसे शाबाशी देंगी और उसे फूलों वाला एक गमला भी उपहार में देंगी। *

कविता
रजनीकांत शुक्ल



## फिर नवजीवन पाना

नदिया पर्वत झील समंदर
सारे करें इशारे
जब भी मन ना लगे कहीं
तो आना पास हमारे।
चहकें चिड़िया जहां दूर तक
फैल रही हरियाली
चले हवा तो उसकी धुन सुन
लहके डाली-डाली।
कोलाहल से दूर शांति की
बस्ती बसी निराली
आसमान में बादल घूमें
हवा चले मतवाली।
झर-झर झरते मन को हरते
झरनों की मनहर धुन
कुहू-कुहू कोयल का गाना
भौंरों की यह गुन-गुन।
जब भी जी ना लगे तुम्हारा
पास हमारे आना
नई ऊर्जा भर जाएगी
फिर नवजीवन पाना।

## रंग भरो-176

रंग भरो-176 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




आस्तिका, चांपा


अयान, रायपुर


कृतिका, सीपत


तेजू, रायपुर


शौर्य, जांजगीर


अरल, बिलासपुर


### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

आतिया-बहादुरगढ़, भूमिका-बागबाहरा, दीप्ति-दुर्ग, दिव्यांश-दुर्ग, डॉली-मटियारी, रोशनी-दुर्ग, संस्कार-बलौदा बाजार, श्वेता-रायपुर, तन्मय-दुर्ग, अमन-रायपुर, नेहा-बिलासपुर, सक्षम-रायगढ़, जिया-महासमुंद, कल्पना-राजनांदगांव, राज-भोपाल

## रंग भरो 177



बच्चो, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में मनन पौधा लगाकर फावड़े से मिट्टी गोड़ रहा है। पास ही खड़ी खुशी पौधे में पानी डाल रही है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।



## खबर संक्षेप

### अवैध हथियार सहित एक गिरफ्तार

**नारनौंद।** स्पेशल स्टाफ पुलिस ने अवैध हथियार व कारतूस सहित अनवर निवासी बडाला को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार स्पेशल स्टाफ पुलिस को गश्त पड़ताल दौरान गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति गांव बडाला नजदीक पानी की डिग्गी के पास अवैध हथियार लिए हुए है। अगर तुरंत प्रभाव से दबिश दी जाए तो काबू आ सकता है। पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए टीम का गठन कर गांव बडाला नजदीक डिग्गी के पास पहुंच कर गुप्त सूचना अनुसार बताए गए व्यक्ति को हिरासत में लेकर व्यक्ति की तलाशी ली तो अवैध हथियार बरामद हुआ।

### हकृवि में विभिन्न विषयों पर होगा प्रशिक्षण

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में जून मास के दौरान मशरूम उत्पादन तकनीक, बेकरी, बाग प्रबंधन, मधुमक्खी पालन तथा केंचुआ खाद उत्पादन के प्रशिक्षण दिए जाएंगे।

यह जानकारी देते हुए संस्थान के सह- निदेशक डॉ अशोक कुमार गोदारा ने बताया कि मशरूम उत्पादन तकनीक पर प्रशिक्षण 2 से 4 जून, बेकरी 4 से 6 जून, बाग प्रबंधन/ओर्चर्ड मैनेजमेंट 16 से 18 जून, मधुमक्खी पालन 19 से 21 जून तथा केंचुआ खाद उत्पादन/वर्मीकंपोस्टिंग तकनीक का प्रशिक्षण 25 से 27 जून तक दिया जाएगा।

### पूर्व प्रधानमंत्री की 38वीं पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि, प्रो. काम्बोज बोले

# चौधरी चरण सिंह के दिखाए रास्ते पर चलना सच्ची श्रद्धांजलि होगी

कुलपति ने कहा कि यह विश्वविद्यालय जिसके साथ चौधरी चरण सिंह का नाम जुड़ा है, उनकी नीतियों के अनुरूप समर्पित भाव से कार्य कर रहा है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की 38वीं पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्य अतिथि थे। उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए।



हिसार। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज चौधरी चरण सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

प्रो. काम्बोज ने चौधरी चरण सिंह को याद करते हुए कहा कि वे किसान व कमेरा वर्ग के सच्चे हितैषी थे। इसलिए उन्हें किसानों का मसीहा कहा गया है। वे कृषि अर्थव्यवस्था की गहरी समझ रखने वाले उच्च कोटि के विद्वान, लेखक एवं अर्थशास्त्री थे। चौधरी चरण सिंह किसानों के दिलों में बसते थे और वे कहा करते थे कि देश की समृद्धि का रास्ता गांवों के खेतों एवं खलिहानों से होकर गुजरता है। कुलपति ने कहा कि यह विश्वविद्यालय जिसके साथ चौधरी चरण सिंह का नाम जुड़ा है, उनकी नीतियों के अनुरूप देश के कृषि विकास एवं किसानों के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रहा है। यदि हम चौधरी चरण सिंह द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलकर ईमानदारी व निष्ठापूर्वक कार्य करते हुए देश, प्रदेश तथा गरीब किसानों की प्रगति में अपना योगदान देते हैं तो यह इस महान नेता के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अधिकारियों, अधिष्ठाताओं, निदेशकों, विभागाध्यक्षों, वैज्ञानिकों व कर्मचारियों ने भी पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# ज्योतिष को विज्ञान के रूप में समझने की जरूरत है : प्रदुमन सूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। कार्यक्रम में एस्ट्रोलॉजर प्रदुमन सूरी का स्वागत करते आयोजक।

सेलिब्रिटी एस्ट्रोलॉजर प्रदुमन सूरी ने कहा कि ज्योतिष केवल विश्वास का विषय नहीं है, बल्कि अब इसे एक विज्ञान के रूप में समझना होगा। ज्योतिष, तार्किक रूप से देश-विदेश के लाखों लोगों की जीवन की अधिकांश समस्याओं का समाधान कर रहा है। वे मिडटाउन ग्रैंड में आयोजित कार्यक्रम में प्रबुद्ध वर्ग के लोगों को संबोधित कर रहे थे। हरियाणा में अपनी तरह के इस पहले इवेंट में उन्होंने अंक ज्योतिष, ज्योतिष और वास्तु शास्त्र की उपयोगिता पर चर्चा कर लोगों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। वे 'डिकोड योर लाइफ डेस्टिनी, विद द हेल्प ऑफ न्यूमेरो, एस्ट्रो एंड वास्तु' विषय पर गोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। इसके संचालन में स्काई होम्स तथा इलेवन हेवन कम्पनी का योगदान रहा। सूरी ने कहा कि ज्योतिष जीवन में मार्गदर्शन देने वाला एक प्रभावशाली साधन है। उदाहरणस्वरूप, बच्चों के नाम अंकों के आधार पर रखे जाते हैं। विवाह, गृह प्रवेश, अथवा व्यवसाय आरंभ करने जैसे महत्वपूर्ण अवसरों पर तिथियों का चयन अंक ज्योतिष के आधार पर किया जाता है।

# साधना गोयनका बनीं अग्रवंशी महिला समिति की नई प्रधान

- समिति की बैठक में सर्वसम्मति से हुआ चुनाव, नई कार्यकारिणी जल्द होगी गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

अग्रवंशी महिला समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक अग्रसेन भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति की पूर्व प्रधान कुसुम जैन ने की। इस अवसर पर समिति की सभी सक्रिय सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और भविष्य की दिशा व नेतृत्व को लेकर चर्चा की गई।

बैठक का मुख्य उद्देश्य समिति की नई प्रधान का चयन करना था, क्योंकि कुसुम जैन ने निजी कारणों के चलते अपने पद से इस्तीफा देने का निर्णय लिया था। उन्होंने अपने कार्यकाल में समिति को मजबूती से आगे बढ़ाया और विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक व सेवा कार्यों का संचालन किया, जिसके लिए सभी सदस्यों ने उनके योगदान की सराहना की।



साधना गोयनका।

चुनाव प्रक्रिया के दौरान सभी सदस्यों वंदना, अजू जैन, गुंजन आर्य, सुदेश, कौशल, कल्पना जैन, रोमा लोहिया, अंजू बंसल, संगीता और सोनिया ने एकमत होकर साधना गोयनका के नाम का प्रस्ताव रखा और उन्हें समिति की नई प्रधान के रूप में चुना। नई प्रधान साधना गोयनका ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि शीघ्र ही नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा और सभी कार्यक्रमों व गतिविधियों को व्यवस्थित व प्रभावी ढंग से संचालित किया जाएगा।

# योगा करने से शरीर स्वस्थ और तंदुरुस्त रहता है : आशा चुघ

- भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा बरवाला द्वारा बाल संस्कार शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरवाला

भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा बरवाला द्वारा बाल संस्कार शिविर के दूसरे दिन का शुभारंभ पंजाबी सभा के अध्यक्ष अमन मेहता, पार्षद दिनेश बजाज, शाखा अध्यक्ष सुरेंद्र सोनी, पूर्व अध्यक्ष वीरभान मिढ़ा, शाखा सचिव आशा चुघ, पूर्व सचिव सूबे सिंह शेखावत व प्रोजेक्ट चेयरमेन नीलम सलूजा ने दीप प्रज्वलित करके और राष्ट्रीय गीत गाकर किया गया।

शाखा सचिव आशा चुघ ने बच्चों को धनुषासन, हलासन, चक्रासन, ताड़ासन और भ्रमारिक प्राणायाम अलोम विलोम आदि योगाभ्यास करवाया और कहा कि योगा करने से हर प्रकार की बीमारियां दूर होती है। योगा करने से शरीर स्वस्थ व तंदुरुस्त रहता है। इस दौरान बच्चों को सम्मानित भी किया गया।



बरवाला। बाल शिविर के दूसरे दिन बच्चों को सम्मानित करते शाखा पदाधिकारी व अन्य

# तीनों कानूनों की खामियों को दूर करके दोबारा लागू करना चाहिए : खोवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

भारतीय न्याय संहिता, भारतीय न्याय सुरक्षा संहिता व भारतीय साक्ष्य अधिनियम पर मंथन करने के लिए हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट ने कोर्ट कॉम्पलेक्स में बैठक आयोजित की। इस बैठक में स्पष्ट किया गया कि तीनों कानूनों में काफी कमियां हैं और इन्हें तार्किक दृष्टि से परखे बिना ही भाजपा सरकार ने लागू कर दिया है। हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के प्रदेशाध्यक्ष एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल की अध्यक्षता में यह बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने कहा कि इन तीनों कानूनों का खाका किसने तैयार किया और किसने लिखा, इसके बारे में अभी तक किसी को मालूम नहीं है। खोवाल ने कहा कि इन कानूनों में भाषा, शब्दावली, दंड प्रक्रिया में पारदर्शिता, साक्ष्य के प्रकार पर विचार और महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों से निपटने के तरीकों से संबंधित काफी खामियां हैं। अस्पष्टता के कारण इन कानूनों को समझने व क्रियान्वित करने में पुलिस व वकीलों को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है।



हिसार। हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी।

# एसपी ने चुनाव के मद्देनजर गांव कंवारी का दौरा किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने आगामी पंचायत उप चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण रूप से कराने के दृष्टिगत बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में कंवारी गांव के मौजिज व्यक्तियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक मौजिज ग्रामीणों के साथ सीधा संवाद स्थापित कर गांव की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और उन्हें आश्वस्त किया कि गांव में होने वाले उप चुनाव को शांति पूर्ण करवाया जाएगा।

इसके लिए पुलिस की और से समय रहते सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त कर लिए गए है। इस दौरान उप पुलिस अधीक्षक हांसी रविन्द्र सांगवान, प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बिश्नोई, सदर थाना प्रबंधक इंस्पेक्टर रमेश कुमार व सुरक्षा प्रभारी राजेश कुमार मौजूद थे। पुलिस अधीक्षक ने ग्रामीणों से वार्तालाप करते हुए कहा कि आने वाले पंचायत उप चुनाव के दौरान गांव में आपसी भाईचारा बनाए रखें और किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें, चुनाव के दौरान कानून व्यवस्था को बनाए रखें, एक-दुसरे का सम्मान करें और शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।



हांसी। कंवारी गांव के मौजिज व्यक्तियों के साथ मीटिंग करते एसपी अमित यशवर्धन

# खरकड़ा स्कूल में होनहारों को किया सम्मानित

- बोर्ड परीक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त छात्र छात्राओं का हौसला बढ़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरवाला

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खरकड़ा के प्रांगण में बोर्ड परीक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त छात्र छात्राओं का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्रिंसिपल प्रवीण चुघ ने बताया कि इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत खरकड़ा सरपंच सुभाष ने शिरकत की और अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी मनोज गुप्ता ने की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गैबीपुर के प्रिंसिपल राजकुमार मौजूद रहे। इस समारोह में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी मनमोहक प्रस्तुति पेश करके समारोह को चार चांद लगा दिए और खूब वाहवाही लूटी। समारोह में मुख्य अतिथि सरपंच सुभाष, खंड शिक्षा अधिकारी मनोज गुप्ता और विशिष्ट अतिथि गैबीपुर स्कूल प्रिंसिपल राजकुमार व प्रिंसिपल प्रवीण चुघ ने 12वीं और 10वीं की परीक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त स्कूल के छात्र छात्राओं को स्मृति चिन्ह प्रदान किए। इस अवसर पर मैनेजमेंट कमेटी प्रधान सुमन, पूर्व प्रधान कान्ता, पांच कुलदीप सिंह व राकेश कसमेत स्कूल स्टाफ व छात्र छात्राओं के अभिभावकगण मौजूद रहे ।



बरवाला। प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते मुख्य अतिथि, बीईओ, प्रिंसिपल व अन्य।

# कड़ी मेहनत व निरंतरता बनाती है लक्ष्य को आसान: कारोलिया

- हैप्पी पब्लिक स्कूल में किया अभिभावक -शिक्षक मीटिंग का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

हैप्पी पब्लिक स्कूल में बृहस्पतिवार को अभिभावक -शिक्षक मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में नव चयनित आईपीएस ललित कुमार कारोलिया बतौर मुख्य अभिप्रेरक के रूप में हैप्पी पब्लिक स्कूल पहुंचे। उन्होंने बच्चों व अभिभावकों से रूबरू होते हुए कहा कि कड़ी मेहनत व निरंतरता से कोई भी लक्ष्य आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। इस अवसर पर आईपीएस ललित कुमार कारोलिया ने स्कूल द्वारा केवल एनसीईआरटी की पुस्तकों से पढ़ाई करवाए जाने की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यूपीएससी जैसी परीक्षा को पास करने में छठी से लेकर 12वीं कक्षा तक की एनसीईआरटी की पुस्तक रामबाण का काम करती हैं। उन्होंने कहा कि अगर लक्ष्य के प्रति निरंतरता और धैर्य से प्रयास किया जाए तो सफलता को कोई रोक नहीं सकता है । उन्होंने बच्चों को सामाजिक विज्ञान व गणित तथा समसामयिक विषयों को ध्यान लगाकर पढ़ने पर जोर दिया। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा कम खर्चे में उत्तम शिक्षा व्यवस्था की



हांसी। स्कूल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मचारी को सम्मानित करते नवनियुक्त आईपीएस ललित कुमार, स्कूल प्राचार्य सुरेन्द्र बेरवाल व अन्य।

### धान सहित 14 फसलों पर एमएसपी बढ़ाना



**हिसार।** भाजपा की जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने केन्द्र द्वारा धान समेत 14 फसलों का एमएसपी बढ़ाए जाने को सराहनीय व किसान हितैषी फैसला बताया है। उन्होंने कहा कि केन्द्र के फैसले के अनुसार किसानों को केसीसी पर सस्ता लोन भी मिलता रहेगा। डॉ. आशा खेदड़ ने कहा कि केन्द्र सरकार ने किसान हित में बड़ा फैसला लेते हुए धान सहित 14 फसलों का एमएसपी बढ़ाया है। इससे किसानों को बड़ी राहत मिलेगी और उनको आर्थिक लाभ मिलेगा। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा एवं अन्य पदाधिकारियों ने भी केन्द्र के इस फैसले का स्वागत किया है।

### महिलाओं पर की गई अभद्र टिप्पणियों का विरोध

# टोहाना में किसानों ने फूंके भाजपा नेताओं के पुतले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टोहाना

शहर के हिसार रोड स्थित संयुक्त किसान पक्का मोर्चा स्थल पर किसानों ने भाजपा नेताओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष लाभ सिंह हरिका की अध्यक्षता में हुए प्रदर्शन में किसानों ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद महिलाओं पर की गई अभद्र टिप्पणियों का विरोध किया। किसानों ने राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा, विजय शाह और श्रीकांत दुबे का पुतला जलाया। प्रदर्शन में भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की गई। कार्यक्रम में किसान नेता जगतार सिंह रताथेह, सीटीयू जिला सचिव रमेश डांगरा, जगदीश सैनी समेत कई किसान मौजूद रहे।किसान नेता लाभ सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद से भाजपा नेता लगातार बहन-बेटियों का अपमान कर रहे हैं। इससे समाज में रोष है। उन्होंने मांग की कि भाजपा को ऐसे नेताओं के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। राज्यसभा से हटाने के साथ इन पर केस दर्ज होना चाहिए। लाभ सिंह ने कहा कि इन नेताओं को सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। पार्टी को भी इनके खिलाफ एक्शन लेना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि अगर पार्टी कार्रवाई नहीं करती है तो यह नेता पार्टी की शह पर ऐसा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कर्नल सोफिया कुरैशी पर अभद्र टिप्पणी करने वाले नेता ने सभी मर्यादाओं को तार तार करने का काम किया।



टोहाना। बीजेपी नेताओं के खिलाफ प्रदर्शन करते किसान।

### ट्रीमैन के घर पर बधाइयां देने वालों का लगा तांता

# खेड़ी बर्की के साधु राम को फिर मिली डाक्टरेट की मानद उपाधि

- विश्व पटल पर अपनी विशिष्ठ पहचान बनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरवाला

वैश्विक स्तर पर अनेक उपाधियों एवं वर्ल्ड रिकॉर्ड अवार्ड से अलंकृत अपने व्यक्तित्व एवं कृतित्व से विश्व पटल पर अपनी विशिष्ठ पहचान कायम करने वाले गांव खेडी बरकी निवासी डॉ. साधु राम डॉक्टरेट की मानद उपाधि से एक बार फिर सम्मानित किए गए। डाक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित साधु राम के घर पर बधाइयां देने वाले लोगों का तांता लगा हुआ है और वे खुशी से फूले नहीं समा रहे हैं।



डॉक्टर साधु राम

गांव खेड़ी बरकी नि वा सी समाज सेवा में समर्पित पर्यावरण प्रेमी ट्रीमैन नाम से मशहूर डॉ. साधु राम गत 20 वर्षों से गांव, जिला, स्टेट व राष्ट्रीय स्तर पर चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान, नशे के प्रति जागरूकता अभियान, जल बचाओ, खेलो, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के प्रति जागरूकता व पर्यावरण संतुलन में तो अहम भूमिका निभा रहे हैं।

घर पर ही छोटी-छोटी थेलियों में बीज बोकर बरगद, पीपल व नीम आदि अनेक तरह की पौध तैयार कर एक पौधा घर बाहर लगा रहे हैं। उसके लिए समय-समय पर पौधरोपण जन जागरूकता अभियान चला रहे है। उनका मानना है कि वर्तमान हालात को देख प्राकृतिक ऑक्सीजन की बहुत जरूरत है।

इतना ही नहीं वो कोरोना काल व देश के आपातकाल के दौरान जरूरतमंदों को हर संभव मदद पहुंचाने में जुटे रहे। जिन्होंने 8000 लोगों तक खाना पानी व चाय पहुंचाने का कार्य किया और मास्क सैनिटाइजर आदि फ्री बांटने और लोगों को टेस्ट के प्रति जागरूक करना और इस विपदा की घड़ी में भी खुद रक्तदान किया और लोगों को करने के प्रति जागरूक किया। ऐसे अनेक अतुलनीय कार्य को देखते हुए साउथ सिक्किम के नामची में डिवाइन थियोलॉजिकल ओपन यूनिवर्सिटी के आठवें दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि विधायक सतीश चंद्र ,स्पीकर डॉ किपफैली अगमी दिमापुर नागालैंड व विश्वविद्यालय कुलपति डॉ. मनोज कुमार राय ने ट्री मैन डॉ. साधुराम को सबसे बड़ी उपाधि में शुमार डॉक्टरेट की उपाधि ऑनलाइन देकर सम्मानित कर बधाई दी।

इस उपलब्धि पर खेड़ी बरकी सरपंच हंसराज नापा, पूर्व सरपंच ईश्वर सिंह, प्रतिनिधि प्रकाश मरोथा, पंच राजू, मुकेश, मास्टर नरेंद्र सेठी, पीटीआई वीरेंद्र भुक्कल, बाल कल्याण समिति हिसार पूर्व सदस्य कृष्ण सलूजा, ब्लॉक समिति मेंबर प्रतिनिधि गुलाब, सतपाल शर्मा व हन्नी नागपाल समेत गांव के अनेक गणमान्य लोगों ने प्रशंसा व्यक्त की।

**खबर संक्षेप**

### घर में फंदे पर लटका मिला अधेड़ का शव

**हांसी।** हिसार चुंगी के समीप स्थित विकास नगर कॉलोनी में रहने वाले एक अधेड़ ने मानसिक परेशानी के चलते घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु नागरिक अस्पताल पहुंचाया जहां मृतक के परिजनों के बयान पर इत्तेफाकिया मौत की कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया। मृतक की पहचान विकास नगर कालोनी निवासी 50 वर्षीय सतीश के रूप में हुई है। सतीश ने कुछ दिन पहले अपनी प्रेमिका के घर के बाहर हाथ की नस काट ली थी। लेकिन उस वक्त समय पर उपचार के चलते उसकी जान बच गई थी।

परिजनों के अनुसार सतीश उस वारदात के बाद से ही तनाव में था ।

### युवक ने किया होमगार्ड पर लाठी-डंडों से हमला

**फतेहाबाद।** भूना क्षेत्र में एक युवक द्वारा अपने ही होमगार्ड लगे भाई पर हमला करने का मामला सामने आया है। घायल युवक को उपचार के लिए भूना के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां उसे अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। गांव टिब्बी निवासी 45 वर्षीय होमगार्ड चंद्रभान टोहाना सदर थाने के अंतर्गत आने वाली कुलां पुलिस चौकी में कार्यरत है। वीरवार सुबह जब वह अपनी ड्यूटी पर जा रहा था तो इसी दौरान उसे नहर के पास रोक लिया गया।

इसके बाद उस पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया गया।

### पेड़ जलने के मामले में किसान पर मामला दर्ज

**डबवाली।** सदर डबवाली पुलिस ने गांव अबूबशहर के रकबे में वन विभाग के 19 पेड़ जलने के मामले में इसी गांव निवासी सिकंदर पुत्र मुंशीराम के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शिकायत में बताया कि बीती 24 मई को आग लगने से वन विभाग के 19 पेड़ जल गए, जिससे विभाग को एक लाख 39 हजार 890 रुपये का नुकसान हुआ है।

### भाविप ने महिला को लगाए कृत्रिम अंग

**रतिया।** भारत विकास परिषद शाखा रतिया द्वारा चलाए जा रहे फिजियोथेरेपी एवं विकलांग सहायता केंद्र के प्रमुख सोहन लाल तनेजा के प्रयास से 48 वर्षीय महिला माया देवी पत्नी कश्मीर सिंह निवासी बादलगढ़ को कृत्रिम अंग लगाया गया। शाखा रतिया के गतिविधि संयोजिक सेवा जनक राज गोयल ने बताया कि इससे पहले भी सोहन लाल तनेजा व इनकी टीम के सदस्यों कि प्रयासों पिछले दो साल मे लगभग 20-21 अंगहीनों को कृत्रिम अंग रतिया शाखा द्वारा निःशुल्क लगाये जा चुके है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से कार चालक की मौत

**सिरसा।** रानियां के बालासर रोड पर अज्ञात वाहन ने एक कार को टक्कर मार दी, जिससे कार चालक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रानियां के वार्ड नंबर एक निवासी सूरज नाथ बीती रात गाड़ी में सवार होकर पेट्रोल डलवाने पंप पर गया था। बालासर रोड पर पंप से तेल डलवाने के बाद वह कुछ ही दूर आगे चला था कि अज्ञात वाहन ने कार को टक्कर मार दी, जिससे सूरज नाथ की मौके पर ही मौत हो गई।

हांसी के वार्ड 23 में पेयजल की किल्लत

# लोगों ने बरवाला रोड किया जाम विधायक आवास के पास प्रदर्शन

■ पानी समस्या के समाधान का आश्वासन दे जाम खुलवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी



**हांसी।** पेयजल समस्या को लेकर बरवाला रोड पर जाम लगा कर प्रदर्शन करते वार्डवासी

पानी की किल्लत को लेकर वार्ड नंबर 23 के लोगों ने बृहस्पतिवार को विधायक विनोद भ्याना के आवास के समीप बरवाला रोड़ पर प्रदर्शन करते हुए रोड पर जाम लगा दिया और जनस्वास्थ्य विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

प्रदर्शन का नेतृत्व भाजपा मंडल प्रधान तनुज खुराना व वार्ड पार्षद आशीष उर्फ पिंकू ने किया। विधायक आवास के समीप सड़क जाम किए जाने की सूचना मिलने पर पुलिस और जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शन कर रहे लोगों को शाम तक समस्या का समाधान किए जाने व पेयजल आपूर्ति का आश्वासन देकर जाम खुलवाया। हिसार चुंगी के समीप स्थित वार्ड 23 में जनस्वास्थ्य द्वारा सप्लाई किए जाने वाला पानी नहीं आने से से नाराज लोगों ने विधायक आवास से महज कुछ कदम की दूरी पर सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। लोगों ने हांसी बरवाला रोड को हिसार चुंगी के पास जाम कर दिया। जिस वजह से वहां जाम लग गया। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व भाजपा मंडल अध्यक्ष तनुज खुराना ने किया। इस दौरान लोगों ने पार्षद और जल आपूर्ति विभाग के खिलाफ नारे लगाते हुए जमकर नाराजगी जाहिर की। मंडल प्रधान तनुज खुराना ने बताया कि उन्होंने पानी संकट को लेकर पहले ही विधायक से बात की थी, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पाया।

लोगों का कहना है कि कई दिनों से पीने का साफ पानी नहीं मिल रहा, जिससे लोगों को पानी को लेकर भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

#### बदबूदार पानी की सप्लाई

महिलाओं का कहना है कि उनके घरों में पिछले कई दिनों से पानी नहीं आ रहा। जबकि वार्ड के अन्य हिस्सों में पानी की सप्लाई हो रही है। और कभी उनके घरों में पानी आ भी जाता है तो वह काफी बदबूदार होता है जो किसी भी काम में नहीं लिया सकता।

# मंडल कमिश्नर से मिला भवन निर्माण कामगार यूनियन का प्रतिनिधिमंडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



**हिसार।** मंडल कमिश्नर अशोक गर्ग से मुलाकात करता भवन निर्माण कामगार यूनियन का प्रतिनिधिमंडल। फोटो :हरिभूमि

सीटू से संबंधित भवन निर्माण कामगार यूनियन जिला कमेटी का प्रतिनिधिमंडल हिसार मंडल कमिश्नर अशोक गर्ग से मिला और जान बूझकर मजदूरों के लाभ में अड़चन पैदा करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई करने की मांग की।

प्रतिनिधि मंडल में राज्य अध्यक्ष मनोज सोनी, राज्य उपाध्यक्ष देशराज सिंह, तहसील सचिव राकेश गंगवा, प्रवासी मजदूरों के कनविंनर अरविंद शामिल थे। कमिश्नर ने यूनियन के प्रतिनिधि मंडल को निर्माण मजदूरों कारीगरों की समस्याओं का बातचीत करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि वर्ष 2008 में भवन निर्माण कामगार यूनियन के नेतृत्व में मजदूरों के संघर्ष के चलते ही प्रदेश में इस बोर्ड का गठन हुआ। वर्ष 2014 में प्रदेश में सत्तासीन हुई भाजपा सरकार ने एक और तो बोर्ड के पंजीकरण और सुविधा लाभों को वर्ष 2018 में ऑनलाइन करके मजदूरों का उत्पीड़न शुरू कर दिया। दूसरी ओर सुविधा हासिल करने के नाम पर बीते 7 वर्षों में मजदूरों से फर्जीवाड़े करने वाले गिरोह ने भारी अवैध वसूली की है।

### *हिसार के गहन दीवान ने कनाडा में नाम चमकाया*



*हिसार। सेक्टर 13 निवासी गहन दीवान ने न केवल हिसार शहर या हरियाणा प्रदेश का, बल्कि भारत का नाम विदेश में भी चमकाया है। पूर्व पार्षद पंकज दीवान व शालू दीवान के पुत्र गहन दीवान ने कनाडा की प्रसिद्ध यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रिटिश कोलंबिया से बीएससी बायो में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लेते हुए मेरिट में स्थान पाया है। गहन को विश्वविद्यालय प्रशासन की तरफ से हजारों छात्रों की उपस्थिति में स्मृति चिन्ह में प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। यूनिवर्सिटी आफ ब्रिटिश कोलंबिया, कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में स्थित एक प्रसिद्ध विश्वविद्यालय है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि गहन दीवान इसी यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले हजारों छात्रों का नेतृत्व करने वाले छात्र संघ का चुनाव जीतकर वाइस प्रेसिडेंट बने थे।*

## आकार वेलफेयर सोसायटी 1 जून से लगाएगी विशेष समर कैंप

**हिसार।** आकार वेलफेयर सोसायटी द्वारा 1 जून से 8 जून तक रंगोत्सव 2025 – कला, संस्कृति एवं सृजन का संगम नामक एक विशेष आठ दिवसीय निःशुल्क आर्ट एंड क्राफ्ट समर कैंप का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन खास तौर पर क्लास 5 वीं से 12 वीं बच्चो के रचनात्मक विकास के लिए तैयार किया गया है।

प्रतिदिन सुबह 6.30 बजे से 8.30 बजे तक यह आर्ट एंड क्राफ्ट समर कैंप बच्चों को एक ऐसा मंच प्रदान करेगा जहां वे पारंपरिक और आधुनिक कला एवं शिल्प के माध्यम से अपने विचारों को अभिव्यक्त कर सकेंगे। यह जानकारी देते हुए सोसायटी के सचिव संदीप कुमार ने बताया कि समर कैंप की मुख्य विशेषताओं में पारंपरिक और समकालीन कला कार्यशालाएं, अनुभवी कलाकारों द्वारा लाइव डेमो, कला के द्वारा सामाजिक व सांस्कृतिक जागरूकता, बाल प्रतिभाओं की प्रदर्शनी, अतिथि कलाकारों से संवाद, समापन पर प्रमाण-पत्र एवं प्रतिभा सम्मान आदि शामिल हैं। इसके लिए स्थान ओ.पी. जिंदल ज्ञान केंद्र, हिसार निर्धारित किया गया है। आकार वेलफेयर सोसायटी का यह प्रयास न केवल बच्चों की रचनात्मकता और आत्मविश्वास को बढ़ावा देगा, बल्कि उन्हें सामाजिक और सांस्कृतिक चेतना से भी जोड़ेगा। इसके लिए रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 31 मई है। शहर के अधिक से अधिक बच्चों द्वारा शिविर में भाग लेने का आहवान किया है।

# आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस के प्रिंसिपल मिश्र को सीएम सैनी ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी



**हांसी।** मुख्यमंत्री द्वारा प्रदान किए प्रशस्ति पत्र के साथ आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस के प्रिंसिपल नीतीश मिश्र।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस, मिलकपुर के प्रिंसिपल नितीश मिश्र को योग आयोग, आयुष विभाग द्वारा आयोजित सूर्य नमस्कार अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

यह सम्मान प्रदेश के भिवानी जिले में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले दो राजकीय एवं एक प्राइवेट स्कूल को प्रदान किया गया, जिसमें आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस एकमात्र निजी संस्थान रहा। यह एक महीने का विशेष सूर्य नमस्कार अभियान आयुष विभाग , शिक्षा विभाग, खेल विभाग, प्रमुख योग संस्थाओं एवं विद्या भारती के सहयोग से 12 जनवरी से 12 फरवरी तक चलाया गया था। मुख्यमंत्री द्वारा सम्मान प्राप्त करने के बाद प्रिंसिपल नितीश मिश्र ने बताया कि स्कूल ने पूरे समर्पण और ईमानदारी के साथ सूर्य नमस्कार अभियान में भाग लिया। योग व आयुष विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रतिदिन सूर्य नमस्कार के साथ-साथ नियमित प्राणायाम की व्यवस्था भी स्कूल की सभा में की जाती है, जिससे बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास को बढ़ावा मिल रहा है। चेयरमैन आनंद यादव ने सम्मान पत्र को ग्रहण करते हुए कहा कि आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस शिक्षा के साथ-साथ मानसिक, वैचारिक और शारीरिक गतिविधियों में भी बच्चों की सहभागिता सुनिश्चित करता है। हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में निरंतर प्रयासरत रहना है। इस उपलब्धि पर विद्यालय स्टाफ ने प्रिंसिपल नितीश मिश्र एवं चेयरमैन आनंद यादव को बधाई व शुभकामनाएं दीं।

### विश्वकर्मा इंजीनियरिंग वर्क्स में लगी आग

**टोहाना।** शहर के भुना रोड स्थित विश्वकर्मा इंजीनियरिंग वर्क्स में दोपहर के समय अचानक आग लग गई। आग की लपटे एकदम से तेज हो गई इस आग को बुझाने में फैक्ट्री में कार्यरत सैंकड़ों कर्मचारी लग गए। देखते ही देखते आग ने भंयकर रूप ले लिया तो मालिक ने तुरंत सूचना दमकल विभाग को दी।

आग को बुझाने के लिए टोहाना, भुना, धारसूल और जाखल से दमकल विभाग की गाड़ियां पहुंची जिनके द्वारा आग पर काबू पाने का प्रयास किए गए। फैक्ट्री कर्मियों के अनुसार शॉर्ट सर्किट आग लगने का कारण हो सकता है। डीएसपी उमेद सिंह, शहर थाना प्रभारी प्रहलाद सिंह खुद मौके पर पहुंचे तथा जरूरी दिशा निर्देश भी दिए।

## हिसार के कण-कण में अणुव्रत की गूंज : डॉ. कुसुम लूनिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



**हिसार ।** तेरापंथ भवन में उपस्थित अणुव्रत समिति के पदाधिकारी।

अणुविभा के केंद्रीय संगठनों की हरियाणा यात्रा उपाध्यक्ष डॉ. कुसुम लूनिया के नेतृत्व में माडल टाउन स्थित तेरापंथ भवन में पहुंची।

अणुव्रत अनुशास्ता आचार्य श्री महाश्रमणजी की सुशिष्या शासन श्री साध्वी श्री यशोधरा के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में अणुव्रत समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल ने पदाधिकारियों के साथ केंद्रीय पदाधिकारियों का स्वागत किया। समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल ने समिति के गत वर्ष के कार्यों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया और कहा कि भविष्य में अणुव्रत का और अधिक प्रचार प्रसार कर नई उंचाई पर ले जाएगा। डॉ. लुनिया ने कहा कि हिसार अणुव्रत समिति देश में अपनी अलग पहचान बनाए हुए है और यहां के कण-कण में अणुव्रत का दर्शन होता है।

# साइबर ठगी के मामलों में तीन आरोपी गिरफ्तार

■ आरोपी से वारदात में प्रयुक्त मोबाइल फोन बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हिसार साइबर थाना पुलिस ने साइबर ठगी के तीन अलग-अलग मामलों में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर 49 लाख 64 हजार की ठगी के एक आरोपी कोलकाता के मुकुंदपुर निवासी साजिद आफताब खान को गिरफ्तार किया है। आरोपी से दो मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। एएसआई नरेंद्र सिंह ने बताया कि उक्त आरोपी सोशल साइटों पर नागरिकों से संपर्क करके उनके अकाउंट खरीदता और आगे ठगों को उपलब्ध करवाता था। इसके लिए यह उस अकाउंट में आने वाले पैसे का 1.5 प्रतिशत कमीशन लेता था। इसके साथ बैंक अकाउंट उपलब्ध कराने में उत्तर प्रदेश के अकबरपुर निवासी वासुदेव सिसोदिया भी काम करता था, जिसे पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

#### शेयर मार्केट के नाम पर 9 लाख से अधिक की ठगी

दूसरे मामले में शेयर मार्केट में ट्रेडिंग के नाम पर 9 लाख 360 रुपए की ठगी मामले में उत्तराखंड के लक्षर निवासी नबील को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में जांच अधिकारी एएसआई प्रदीप ने बताया कि उक्त आरोपी कमीशन पर बैंक अकाउंट खुलवाकर कमीशन पर आगे उपलब्ध करवाता था। इस संबंध में थाना साइबर में इस वर्ष 3 जनवरी को शेयर मार्केट में ट्रेडिंग के नाम पर 9 लाख 360 रुपए को धोखाधड़ी के बारे में शिकायत प्राप्त हुई थी।

#### ट्रेडिंग के नाम पर 12 लाख की ठगी का आरोपी धरा

एक अन्य मामले में ट्रेडिंग के नाम पर ही 12 लाख 16 हजार रुपए की ठगी मामले में खाता धारक आरोपी अमरोहा जिले के धनौरा निवासी शुभम कुमार को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में जांच अधिकारी एएसआई संदीप ने बताया कि उक्त आरोपी शुभम कुमार जिस अकाउंट में ठगी का पैसा ट्रांसफर हुआ, वो खाता धारक है। आरोपी ने अपना बैंक अकाउंट 20 हजार रुपये में बेचा था। इस पर गुरुग्राम में साइबर ठगी के दो केस दर्ज है। इस संबंध में हिसार साइबर थाना में 16 अप्रैल 2024 को शेयर बाजार में ट्रेडिंग के नाम पर 12 लाख 16 हजार रुपये की ठगी बारे शिकायत प्राप्त हुई थी। इस पर हिसार साइबर थाना में केस दर्ज करके यह कार्रवाई की गई।

## अभिभावकों को बच्चों की शैक्षिक रिपोर्ट बताई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी



**हांसी।** अभिभावक–शिक्षक बैठक में अभिभावक को बच्चों की शैक्षिक रिपोर्ट के बारे में जानकारी देते स्कूल अध्यापक। फोटो :हरिभूमि

यदुवंशी शिक्षा निकेतन के प्रांगण में बृहस्पतिवार को सत्र 2025-26 की पहली अभिभावक-शिक्षक बैठक आयोजन किया गया।

यह बैठक विद्यालय और अभिभावकों के बीच संवाद एवं सहयोग को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल रही। बैठक की शुरुआत में स्कूल पहुंचे अभिभावकों का स्वागत विद्यालय प्रशासन एवं शिक्षकों द्वारा किया गया। विभिन्न कक्षाओं के कक्षा अध्यापकों ने विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, व्यवहारिक विकास एवं सह-पाठ्य गतिविधियों में सहभागिता की विस्तृत जानकारी अभिभावकों को प्रदान की। इस अवसर पर यदुवंशी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के संस्थापक एवं चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि एक सशक्त राष्ट्र के निर्माण की नींव मजबूत शिक्षा पर टिकी होती है, और इस दिशा में विद्यालय, विद्यार्थी और अभिभावक तीनों की भूमिका अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। हमारा प्रयास है कि बच्चों को न केवल श्रेष्ठ शिक्षा मिले, बल्कि वे संस्कारवान, जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनें। अभिभावकों का सहयोग इस दिशा में हमारे प्रयासों को बल देता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील कुमार ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि यह बैठक विद्यालय और अभिभावकों के बीच एक संवाद सेतु का कार्य करती है। बच्चों की प्रगति तभी संभव है जब घर और विद्यालय एक ही दिशा में कार्य करें। बैठक के दौरान शिक्षकों ने व्यक्तिगत रूप से प्रत्येक अभिभावक से बातचीत की और बच्चों की क्षमताओं, चुनौतियों तथा सुधार के अवसरों पर विस्तृत चर्चा की।

## अध्यापक संघ का शिक्षा सदन पर प्रदर्शन 5 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



**हिसार।** डीसी के पीए को ज्ञापन देता अध्यापक संघ का प्रतिनिधिमंडल।

सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के जिला प्रधान प्रमोद जांगड़ा, जिला सचिव विनोद प्रभाकर, कैशियर बिजेंद्र सिंह, वरिष्ठ उपप्रधान सुमन देवी, सहसचिव भूपेंद्र सिंह, उप प्रधान वीरेंद्र सिंह व प्रेस सचिव बलजीत सिंह ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार शिक्षा व शिक्षकों के हितों पर लगातार हमला कर रही है ।

शिक्षा नीति 2020 को लागू करने की आड़ में भारतीय भाषा शिक्षण के नाम पर गर्मी की छुट्टियों में 2 से 8 जून तक विद्यार्थियों और भाषा अध्यापकों को 50 डिग्री के आसपास तापमान होने बावजूद स्कूलों में आने का फरमान सुना दिया है। प्राथमिक अध्यापकों के सेमिनार भी छुट्टियों में ही लगाने की तैयारी चल रही है, जिसे किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा। शिक्षकों को विभिन्न प्रकार के ऑनलाइन ट्रेनिंग और गैर शैक्षणिक कार्यों में उलझाकर शिक्षा विभाग के आला अधिकारी सरकारी स्कूलों के अध्यापकों को विद्यार्थियों से दूर रखना चाहते है। सरकार के फरमानों के विरोध में 5 जून को शिक्षा सदन पंचकूला पर मास डेपुटेशन के माध्यम से सरकार को चेताया जाएगा।

## श्रीदिगम्बर जैन पंचायत के चुनाव के लिए कोई आपत्ति नहीं मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

■ आपत्तियां दर्ज करवाने के लिए 15 दिन का समय पूरा

श्रीदिगम्बर जैन पंचायत, नागोरी गेट की गवर्निंग बॉडी के पदाधिकारियों का चुनाव कराए जाने की प्रकिया के तहत जिला रजिस्ट्रार फर्म एवं सोसायटी कार्यालय में आपत्तियां दर्ज करवाने के लिए 15 दिन का समय दिया गया था, जो मंगलवार को पूरा हो गया।

चुनाव करवाने के लिए नियुक्त चुनाव अधिकारी अभिषेक अग्रवाल, एडवोकेट ने बताया कि इस समय अवधि के दौरान एक भी आपत्ति दर्ज नहीं करवाई गई।श्रीदिगंबर जैन पंचायत के लिए प्रधान, कार्यकारी प्रधान, उपप्रधान, सचिव, सहसचिव व कोषाध्यक्ष पद का चुनाव 8 जून श्रीदिगम्बर जैन गर्ल्ज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में करवाया जाएगा। चुनाव के लिए मनोज सैनी, एडवोकेट को आब्जर्वर नियुक्त किया गया है। चुनाव अधिकारी अभिषेक अग्रवाल एडवोकेट ने बताया कि 30 मई को सभी छह पदों के लिए प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक नामांकन पत्र भरे जा सकेंगे। दोपहर बाद 2 बजे से 3 बजे तक नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। 31 मई को प्रातः 11 बजे से दोपहर एक बजे तक नामांकन पत्र वापिस लिए जा सकेंगे।

पुलिस ने ग्रामीण युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक किया

# बहबलपुर ने बाडो पट्टी को हरा क्रिकेट प्रतियोगिता जीती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



**हिसार।** विजेता टीम के साथ पुलिस अधिकारी एवं अन्य ग्रामीण।

पुलिस ने युवाओं के नशे से दूर रहने के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से गांव बलबलपुर में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन करवाया।

इसमें गांव बहबलपुर, बाड़ो पट्टी, धिकताना व बुगाना की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच बहबलपुर और बाडो पट्टी के बीच हुआ, जिसमें बहबलपुर की टीम विजयी हुई। विजयी टीम को उप निरीक्षक पवन कुमार ने विजयी टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। उप निरीक्षक पवन कुमार ने कहा कि पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार पुलिस टीमें पिछले काफी समय से जिले के अधिकतर स्कूलों व कॉलेजों एवं गांवों में इस तरह के जागरूकता अभियान चला रही हैं। उन्होंने प्रतियोगिता के दौरान मौजूद लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करते हुए कहा कि नशे को जड़ से खत्म करना होगा। इसके लिए सभी का जागरूक होना जरूरी है। नशे के कारण स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है, साथ ही अपराध का कारण भी बनता है।